
## एक नजर में

### स्वतंत्रता दिवस समारोह में आज प्रभारी मंत्री लोधी करेंगे ध्वजारोहण

**खंडवा ।** खंडवा जिले में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को समारोह पूर्वक मनाया जाएगा ।इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम खंडवा के पुलिस परेड ग्राउंड, सिविल लाईन में प्रात : 9 बजे से आयोजित होगा । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे । निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ध्वजारोहण प्रात : 9 बजे होगा ।इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री लोधी 9 :05 बजे परेड का निरीक्षण करेंगे ।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के संदेश का सीधा प्रसारण एल .ई .डी . टीवी के माध्यम से प्रात : 9 :25 बजे से 9 :55 बजे तक किया जाएगा । प्रभारी मंत्री श्री लोधी द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नागरिकों के लिए बधाई संदेश का वाचन प्रात : 9 :55 बजे से किया जाएगा ।मार्च पास्ट प्रात : 10 :05 बजे से होगा तथा स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रात : 10 :25 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे । कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण प्रात : 11 :10 बजे से किया जाएगा ।

### पिछले 24 घंटों में खंडवा जिले में हुई 11 .8 मिली मीटर औसत वर्षा



**गत वर्ष 14 अगस्त तक जिले में 583 .4 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी**

**खंडवा ।** जिले में गत चौबीस घंटों में 11 .8 मि .मी . औसत वर्षा दर्ज की गई है । अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया पिछले चौबीस घंटे मे खंडवा तहसील में 21 मिलीमीटर, पंधाना में 10 मिलीमीटर, पुनासा में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि हरसूद तथा खालवा तहसील में कोई भी वर्षा दर्ज नहीं की गई है । उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 14 अगस्त तक जिले में 583 .4 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी थी ।जबकि इस वर्ष अब तक जिले में 351 .2 मि .मी . औसत वर्षा हो चुकी है । इस वर्ष अब तक खंडवा तहसील में 460 मिली मीटर, हरसूद तहसील में 343 मिली मीटर, पन्धाना तहसील में 261 मिली मीटर, पुनासा तहसील में 309 मिली मीटर तथा खालवा तहसील में 383 मिली मीटर वर्षा अब तक दर्ज की जा चुकी है । उल्लेखनीय है कि खंडवा जिले की औसत वर्षा 808 मि .मी . है ।

### प्रभारी मंत्री लोधी ने स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं

**खंडवा ।** प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन,धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के राज्य मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से विकास कर रहा है ।उन्होंने कहा है कि हम सब प्रदेश वासी आज के पावन अवसर पर यह संकल्प लें कि देश और प्रदेश के विकास में अपना पूरा योगदान देंगे ।

### सिंधी समाज की शीतला सप्तमी थदड़ी पर्व

**खंडवा ।** सभी धर्मों के कुछ विशेष त्यौहार एवं पर्व होते हैं, जिन्हें संबंधित समुदाय मनाता है ।ऐसा ही सिंधी समाज का एक प्रमुख त्यौहार समाजजनों द्वारा शुक्रवार 15 अगस्त को थदड़ी पर्व के रूप में मनाया जाएगा । इस दिन सिंधी समुदाय पूर्व संध्या पर बनाया गया भोजन ग्रहण करेंगे । जिसे दैवीय प्रकोप से जोड़कर देखा जाता है । यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि थदड़ी का हिंदी अर्थ है शीतल । रक्षाबंधन के आठवें दिन थदड़ी पर्व को शीतला सप्तमी के नाम से जाना जाता है । इस दिन सिंधी समुदाय पूर्व संध्या पर बनाया गया भोजन ग्रहण करते हैं । यह सत्य है कि समय-समय पर मनाये जाने वाले धार्मिक तीज त्योहारों से ही हम अपनी जड़ों से जुड़े रहते हैं एवं सामाजिकता भी कायम रहती है ।पुरातन काल में सिंधु घाटी में मोहनजोदड़ो की खुदाई के दौरान अनेक वस्तुओं के साथ ही शीतला माता की मूर्ति भी प्राप्त हुई थी, इससे यह सिद्ध होता है कि आदि काल से ही माता शीतला की पूजा-अर्चना समाज द्वारा होती रही है । थदड़ी सिन्धु सभ्यता और संस्कृति का प्रमुख पर्व है,इस दिन समाज के लोग पूर्व संध्या पर बनाये गये ठंडे व्यंजन ही खाएंगे । समाज के पंडित श्याम शर्मा एवं धर्मेंद्र शर्मा ने पर्व के महत्व का बखान करते हुए बताया कि प्राकृतिक आपदाओं में समुद्री तूफान को जल देवता के प्रकोप,सूखाग्रस्त क्षेत्रों में इंद्र देवता की नाराजगी मानी जाती है, इसी तरह जब किसी व्यक्ति को माता ( चेचक ) निकलती है तो उसे देवी के प्रकोप से जोड़ा जाता है । आज विज्ञान ने इतनी तरक्की कर ली है कि माता चेचक के इंजेक्शन बचपन में ही लग जाते हैं । परंतु देवीय शक्ति से जुड़ा थदड़ी पर्व हजारों वर्षों पश्चात भी समाज का प्रमुख त्यौहार माना जाकर पूर्ण आस्था और विश्वास से मनाया जाता है । इस मौके पर पूर्व संध्या पर विभिन्न तरह के सिंधी व्यंजन जैसे मिठी और बेसणजी कोकी, गच्च, पकौड़ा, आलू भिंडी की सब्जी एवं दही, छाछ, दही रायता जैसे सूखी सब्जियां बनाया जा कर थदड़ी के दिन पूर्ण श्रद्धा के साथ माता को अपने प्रकोप से बचाने की कामना के साथ ग्रहण किया जाता है ।इस दिन प्रात : काल समाज की महिलाओं व्दारा ब्राह्मण के घर जाकर शीतला माता की पूजा अर्चना के दौरान माताजी को इन पंक्तियों से प्रसन्न किया जाता है, ठार माता ठार पहिंजे बचड़न खे ठार, माता अगे भी ठारियो थई हाडे भी ठार .... ।पूजन पश्चात घर आकर परिवार सहित भोजन ग्रहण करती है ।

### स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर व एसपी ने नागरिकों को शुभकामनाएं दीं

**खंडवा ।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं । अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने कहा है कि स्वतंत्रता दिवस का पावन पर्व भारत माता को स्वतंत्रता दिलाने के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीरों के पुण्य स्मरण का अवसर प्रदान करता है । उन्होंने इस अवसर पर जिले के नागरिकों से वर्षा के पानी की हर बूंद बचाने के लिए अपने घरों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील भी की है । पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने भी जिले के नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी हैं । अपने शुभकामना संदेश में उन्होंने युवा पीढ़ी का आहवान किया कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ अपने कर्त्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें ।

### नगर निगम प्रांगण में महापौर द्वारा आज किया जाएगा ध्वजारोहण

**खंडवा ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नगर निगम प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं । समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर 15 अगस्त को प्रात : 7 .30 बजे निगम प्रांगण में महापौर अमृता अमर यादव द्वारा ध्वजारोहण किया जाकर राष्ट्रगान गीत के बाद शांति के प्रति गुब्बारे को उड़ाया जाएगा साथ ही निगम सभागृह में महापौर अमृता अमर यादव द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन कर निगम के अधिकारी कर्मचारियों को पुरस्कृत करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किया जाएंगे ।

### मंत्री शाह ने स्वतंत्रता दिवस पर नागरिकों को बधाई व शुभकामनाएं दीं

**खंडवा ।** प्रदेश के जनजातीय कार्य विभाग के मंत्री कुंवर डॉ . विजय शाह ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पूरी दुनिया में अपनी पहचान बनाई है तथा पिछले 11 वर्षों में देश का गौरव बढ़ा है ।प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तेजी से वैभवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है । मंत्री शाह ने सभी से देश व प्रदेश के विकास में भागीदार बनने की अपील की ।

# तिरंगा अभियान के तहत वाहन रैली




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** हर घर तिंरगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत गुरूवार को पुलिस परेड ग्राउंड से तिरंगा वाहन रैली आयोजित की गई ।

रैली को कलेक्टर ऋषव गुप्ता व पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, और जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, सहायक कलेक्टर डॉ. श्रीकृष्ण सुशीर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारणेकर, एसडीएम खंडवा बजरंग बहादुर सहित रैली में शामिल हुए ।

यह वाहन रैली पुलिस लाईन से रवाना होकर टेगौर पार्क, महाराणा प्रताप प्रतिमा से राईट टर्न होकर इन्दिरा चौक, बसस्टैण्ड,कहारवाड़ी,भगतसिंह चौक, मानसिंह तिराहा, जय अम्बे चौक, शनि मंदिर,अंजनी टॉकीज, भावसार लॉज, जीडीसी कॉलेज,पड़ावा, शेर तिराहा, जलैबी चौक,नगर निगम, घण्टाघर, केवलराम चौराहा,रेल्वे तिराहा, तीन पुलिया,बड़ाबम, रामेश्वर चौकी,आनंद नगर, पॉलिटेक्निक कॉलेज से नौचण्डी मंदिर,लाल चौकी, शिवाजी चौक, इमलीपुरा, बड़ाबम, कुम्हार बेड़ा, मालीकुँआ, बुधवारा, केवलराम, रेल्वे तिराहा, बसस्टेण्ड, इन्दिरा चौक, महाराणा प्रताप प्रतिमा से होती हुई वापस पुलिस परेड ग्राउंड पर आकर सम्पन्न हुई ।

## तीन वर्ष के सफल कार्यकाल पर आयोजन




**नवभारत न्यूज**


**मून्दी ।** मून्दी परिषद बनती है विकास कार्य के लिए और जन समस्याओं का निराकरण के लिए,स्थानीय मून्दी परिषद 3 वर्ष का कार्यकाल सफल रहा मून्दी में कुछ समस्याएं हैं उनका निराकरण भी शीघ्र होगा । क्षेत्र में विकास कार्य की गंगा बह रही है,सिंचाई, शिक्षा,ऊर्जा एवं मार्ग निर्माण व स्वास्थ्य सेवाओं सुविधा का विस्तार मून्दी खंडवा रोड की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र होगी । तहसील भवन का कार्य हो गया । एसडीएम स्तर का कार्य हो ऐसे प्रयास किया जा रहे हैं । मेला ग्राउंड पर बुखार दास मेला ग्राउंड पर स्टेडियम निर्माण भी होगा यह बात मांधाता विधायक नारायण पटेल ने मून्दी नगर परिषद के तीन वर्षी कार्यकाल पूर्ण होने पर एक कार्यक्रम में उन्होंने यहां बात कही ।

मूदी नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति वाला राठौर द्वारा 3 वर्ष के सफल कार्यकाल पर एक कार्यक्रम आयोजित किया था। अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर ने बताया कि नगर विकास में सभी का सहयोग मिल रहा है एवं विधायक सांसद सभी का सहयोग हर विकास कार्य में मिल रहा है व पार्षद भी अपने वार्डों के विकास कार्य के प्रति ध्यान दे रहे हैं । विकास कार्य में भेदभाव नहीं किया गया । सभी वार्ड एक समान है । निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है ।

मून्दी में आने वाले समय में विकास कार्य को लेकर विस्तार से जानकारी दी । स्टेडियम निर्माण के लिए संत मुखरदास बाबा मेला स्थल के समीप जमीन का चयन किया गया है । स्टेडियम का निर्माण मेले के दौरान नहीं होगा वहां की जमीन खरीदने में नगर परिषद के पूर्व कार्यकाल में करीब 60 लख रुपए खर्च कर दिए हैं । नगर में पांच प्रवेश द्वार एवं बस स्टैंड का सुंदरी करण होगा । उन्होंने कहा हमारे ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप नहीं है ।

कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षद एवं जनप्रतिनिधि एवं अन्य प्रतिनिधि भी मौजूद थे । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक नारायण पटेल, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष राजेंद्र मंडल अध्यक्ष ,पूर्व भाजपा अध्यक्ष जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल मौजूद थे । कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत नगर परिषद द्वारा किया गया एवं पत्रकारों का सम्मान भी किया गया । इस मौके पर नगर परिषद सीएमओ संजय जैन भी मौजूद थे । कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र राठौर ने किया एवं आभार आकाश शर्मा ने माना ।

## प्रदेश स्तरीय कुश्ती में माधुरी और पायल पटेल ने जीता गोल्ड मेडल




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** कुश्ती के खेल में खंडवा जिला प्रदेश में कुश्ती का हब बनता जा रहा है ।लगातार जिले के कुश्ती पहलवान अपने हुनर का परिचय देते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीतकर खंडवा का नाम रोशन कर रहे हैं ।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कुश्ती के क्षेत्र में युवकों के साथ युवतियां भी प्रशिक्षण प्राप्त कर लगातार कुश्ती में खंडवा का नाम रोशन कर रही है इंदौर में आयोजित अंडर 23 राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में खंडवा के पहलवानों ने भाग लिया जिसमे दो गोल्ड मेडल चार सिल्वर मेडल व चार बॉन्स मेडल जीते 50 kg में माधुरी पटेल 62 kg में पायल पटेल रांची में 18 अगस्त को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी ।

इस उपलब्धि पर उपाध्यक्ष मध्यप्रदेश कुश्ती संघ मंगल यादव, सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ,महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन तन्वे, गुरु हीरालाल यादव, सचिव जिला कुश्ती संघ राजेन्द्र पांजरे,प्रवक्ता सुनिल जैन, ऋषि सोनकर, जगदीश पटेल, आसिफ खान, टीनू राठौर, भोला यादव, मुन्ना यादव, राजू यादव, बल्ला यादव ,पन्ना यादव, विजय यादव, धर्मेन्द्र पांजरे, दिनेश पटेल, दशरथ पटेल,प्रकाश पटेल, गेंदालाल पटेल,महेन्द्र वर्मा, सुनील शर्मा, अमित कंठ, अल्ताफ खान, रवि हिंडोन आदि ने बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जश्न ए आजादी कार्यक्रम आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । सद्‌भावना मंच द्वारा आजादी की पूर्व संध्या पर संगीतमय वातावरण में देश भक्ति के गानों, गीत, गजल, शायरी कविता पाठ के माध्यम से आजादी पर मनाया गया ।**

जिसमें योगेश गुजराती,योगेश गदले,विजया द्विवेदी,राजेश खांडे, अशोक जैन, कैलाश शर्मा, बी डी सराफ,अशोक पारवानी, एन के दवे, त्रिलोक चौधरी,आदि गायकों ने गानों गजल, कविता की प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया । कथा वातावरण को देश भक्ति पूर्ण बना दिया ।

इस अवसर पर मंच अध्यक्ष प्रमोद जैन ने सभी शहर वासियों को तथा देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी । पूर्व डीएसपी आनंद तोमर डॉ वीरेंद्र लाड, डॉ जगदीश चौरे, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य,शक्ति यादव,प्रकाश कनारे, सुरेश मालवीय, जितेन्द्र, कैलाश, के साथ ही कई श्रोता मौजूद थे ।

## केंद्रीय विद्यालय में तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा रैली




**नवभारत न्यूज**

**खंडवा । हर घर तिंरगा अभियान के तहत गुरूवार को केंद्रीय विद्यालय, खंडवा द्वारा भव्य तिरंगा रैली आयोजित की गई । प्राचार्य धनीराम पटेल ने तिरंगा लहराकर रैली का शुभारंभ किया ।**

यह तिरंगा रैली हरसूद नाका से होती हुई रतागढ़ गांव से वापस स्कूल परिसर में आकर सम्पन्न हुई । रैली में विद्यालय के करीब 800 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए पूरे जोश, ऊर्जा और अनुशासन के साथ भाग लिया ।

विद्यार्थियों ने रास्ते में स्थानीय लोगों को तिरंगा भेंट किया और उन्हें उनके घरों पर तिरंगा लगाने का संदेश दिया ।इस मौके पर उप प्राचार्य हरेंद्र प्रसाद ने बच्चों को तिरंगा और उसके सम्मान से जुड़ी बारीकियों के बारे में समझाया ।

**यात्रा दल** सांगली से अशोक नगर तक 1247 किलोमीटर की पैदल यात्रा

## यात्रियों का खण्डवा में किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा ।** आचार्य विद्यासागर जी के परम प्रभावी शिष्य निर्यापक मुनि श्री सुधासागर जी के दर्शन लाभ,चरण वन्दना एवम महाराष्ट्र आगमन के उद्देश्य को लेकर परमोदय तीर्थ, कवठेपिरान, सांगली महाराष्ट्र से पैदल यात्रा पर निकले गुरु भक्तों का एक जत्था आज दोपहर खण्डवा पहुँचा ।

समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि दल में शामिल युवाओं ने नगर में चातुर्मासरत उपाध्याय श्री विश्रुतसागर जी एवं मुनि श्री निर्वेदसागर जी के दर्शन कर यात्रा की सफलता के लिये आशीर्वाद प्राप्त किया ।

सकल दिगम्बर जैन मुनि सेवा समिति खण्डवा के अध्यक्ष विजय सेठी ने बताया कि दल में शामिल युवा साथी सांगली से अशोक नगर तक 1247 किलोमीटर की पैदल यात्रा करेंगे । दल के खण्डवा आगमन पर मुनि सेवा समिति द्वारा साधर्मी युवाओं को धर्म वस्त्र एवम माला पहना कर स्वागत किया । प्रभावना स्वरूप सभी को सहभोज कराकर पोरवाड़ जैन धर्मशाला में रात्रि विश्राम करवाया गया ।




उपाध्याय श्री विश्रुतसागर जी ने यात्रा दल को आशीर्वाद और मंगलमय शुभकामना देते हुए कहा कि धर्म की प्रभावना और धर्म के प्रति निष्ठा, श्रद्धान को दृढ़ करने के लिये ऐसी यात्राएं अनुकरणीय हैं । मोबाइल,टी वी और कंप्यूटर के मकड़जाल में उलझे हुए समाज के बच्चों और युवा वर्ग को धर्म जागरण एवं धर्म में रुचि उत्पन्न करने के लिए ऐसी यात्राओं में सहभागिता करना चाहिये ।

यात्रा सहयोगी जय कुमार जैन( सांगली महाराष्ट्र )ने कहा कि म .प्र . की सीमा में प्रवेश करते ही हमारा जगह जगह स्वागत सत्कार और उचित सम्मान किया गया । हम सभी अभिभूत हैं और शाहपुर, बुरहानपुर, पंधाना, दयोदय तीर्थ बोरगांव खुर्द व खण्डवा की जैन समाज के आभारी हैं ।

इस अवसर पर खण्डवा के नगर गौरव बाल ब्र .अर्पित भैया,ब्र .पारस भैया,ब्र .अलका दीदी,खण्डवा समाज के कैलाश पहाडिया,वीरेंद्र जैन,पंकज छाबड़ा, सुनील जैन, मनीष पाटनी, दिलीप पहाड़िया,रोहन सेठी आदि समाजजन मौजूद थे ।

## इंदिरा सागर बांध : तिरंगा रोशनी से जगमगाया




**नर्मदा नगर ।** इंदिरा सागर बांध नर्मदा नगर एनएचडीसी द्वारा बांध के 20 गेटों को तिरंगे की रोशनी से सजाया गया जो एक आकर्षण का केंद्र है ।